### एक नजर में

## शर्मा को न्यूमिसमेटिस्ट ऑफ द ईयर का खिताब



**इंदौर.** राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के संयोजक एवं लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष गिरीश शर्मा आदित्य को मुंबई की संस्था ख्याल-50 ने उनके मुद्रा संग्रह को शानदार घोषित करते हुए उन्हें न्यूमिसमेटिस्ट ऑफ़ द ईयर घोषित किया है. आदित्य को संस्था की ओर से एक लाख रुपए का पुरस्कार भी घोषित किया गया है, जो उन्हें संस्था के प्रतिनिधि एवं म.प्र. के प्रभारी पीयूष कुमार ने आज इंदौर आकर उनके एबी रोड, शहनाई रेसीडेंसी स्थित निवास पर प्रशस्ति पत्र एवं मंजूषा सहित प्रदान किया. राष्ट्रीय मुद्रा परिषद एवं फिलेटेलिक सोसाइटी के प्रमुख रविन्द्र नारायण पहलवान ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मुंबई की संस्था ख्याल-50 ने देशव्यापी शोध एवं ऑनलाइन चयन प्रक्रिया के माध्यम से आदित्य का चयन किया. इसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों के लिए मतदान भी कराया गया था. देशव्यापी नतीजों के आधार पर मुद्रा संग्राहक के रूप में उनके संग्रह को शानदार घोषित करते हुए संस्था ने मंगलवार को उन्हें एक लाख रुपए पुरस्कार देने की भी घोषणा की. संस्था के प्रतिनिधि पीयूष कुमार ने आज इंदौर पहुंचकर उन्हें पुरस्कार की राशि और मंजूषा भेंट किए, लेकिन आदित्य ने पुरस्कार की राशि इंदौर में मुद्रा शोध न्यास को मुद्रा संग्रहालय की स्थापना के लिए समर्पित करने का संकप व्यक्त किया और ख्याल-50 संस्था की ओर से यह राशि सीधे मुद्रा शोध न्यास के बैंक खाते में जमा कराने का अनुरोध किया है. गिरीश शर्मा ने अपने अनमोल सिक्कों के संग्रह को मुद्रा संग्रहालय के लिए पहले ही दान देने की घोषणा की हुई है।

## स्कूल सिनेमा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन



**इंदौर.** विबग्योर हाई स्कूल, इंदौर ने बाल दिवस पर 8वें स्कूल सिनेमा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन आनंद कलादगी, डीसीपी, इंदौर ज़ोन 4 द्वारा किया गया. अभिनेता क्षितिज पवार की विशेष उपस्थिति रही. एलएक्सएल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव युवा प्रतिभाओं और वैश्विक कहानी कहने की कला का उत्सव है, जिसमें 25 देशों की 100 से अधिक बाल फिल्मों का चयनित प्रदर्शन किया गया. महोत्सव में एनिमेशन, लाइव-एक्शन, डॉक्यूमेंट्री और छात्रों द्वारा बनाए गए शॉर्ट फिल्मों सहित विभिन्न शैलियों की फिल्मों को प्रस्तुत किया गया. उद्घाटन समारोह में क्षितिज पवार ने कहा सिनेमा दिलों को छूने और दृष्टिकोण बदलने की शक्ति रखता है. विबग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स की उपाध्यक्ष कविता केरावाला ने कहा फिल्में प्रभावशाली शिक्षक होती हैं. वे आत्मचिंतन, संवाद और सहानुभूति को बढ़ावा देती हैं, जो विबग्योर की शिक्षण दर्शन के मूल मूल्य हैं.

## पं. मोहनलाल द्विवेदी का सम्मान



**इंदौर.** मां भुवनेश्वरी ज्योतिष कर्मकांड शोध संस्थान इंदौर द्वारा नरसिंह वाटिका इंदौर में आयोजित नवम प्रतिभा सम्मान समारोह में सतना के पं. मोहनलाल द्विवेदी को विश्व ज्योतिष हस्तरेखा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित कर स्वर्ण पदक, मोमेंटो, प्रमाण पत्र से अलंकृत किया गया. कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रांतों से 250 विद्वानों ने सहभागिता की.

## वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस को मिला एनएसई से अप्रूवल

**इंदौर.** वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने आज घोषणा की कि उसे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) से अपने इक्विटी शेयरों को एनएसई के इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट करने के लिए इन-प्रिंसिपल अप्रूवल प्राप्त हुआ है. यह मंजूरी कंपनी की ओर से सभी नियामकीय आवश्यकताओं और आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी करने के अधीन है. इन-प्रिंसिपल अप्रूवल, कंपनी के ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल करने के बाद एक महत्वपूर्ण नियामकीय उपलब्धि है. वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर कुनाल किशोर ने कहा हम एनएसई द्वारा दिए गए इन-प्रिंसिपल अप्रूवल को स्वीकार करते हैं. यह संपूर्ण नियामकीय प्रक्रिया का एक प्रक्रियात्मक कदम है, और हम लागू दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी कम्प्लायंस आवश्यकताओं को पूरा करने पर केंद्रित हैं. कंपनी सेबी और एक्सचेंज विनियमों के अनुसार सभी प्रकटीकरण मानकों का पालन जारी रखेगी.

## फ्लेक्सी कैप फंड्स के साथ यूलिप मजबूत विकल्प

**इंदौर.** अस्थिर बाजार हमेशा चिंता का विषय रहा है. कई मध्यम वर्ग के निवेशक अपनी पूंजी को बढ़ाने के साथ-साथ इस अस्थिरता से इसे कैसे सुरक्षित रखें, इस बात को लेकर चिंतित हैं. इस चिंता को दूर करते हुए, बंधन लाइफ इंश्योरेंस के इक्विटी हेड अविनाश अग्रवाल ने कहा कि फ्लेक्सी-कैप फंड्स को यूलिप (यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान) के साथ जोड़ना धन वृद्धि का एक शक्तिशाली तरीका है और इस अनिश्चित समय में आपका भविष्य सुरक्षित करता है. कोविड के बाद आए सुधार के बाद बाजारों ने मजबूत प्रदर्शन किया है, हालांकि पिछले वर्ष अस्थिरता फिर लौट आई-जो इक्विटी चक्र में पूरी तरह सामान्य है. ऐसे अनिश्चित समय में सबसे महत्वपूर्ण है ग्रोथ से समझौता किये बगैर पोर्टफोलियो की रक्षा करना. अविनाश का मानना है कि यहां फ्लेक्सी-कैप महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है.

## अमेजन ने पर मेटा रे-बॅन लॉन्च होंगे

**इंदौर.** मेटा रे-बॅन स्मार्ट ग्लासेस 21 नवंबर 2025 को अमेजन.इन पर लॉन्च होंगे, जिससे तेजी से बढ़ रही वेयरेबल कैटेगरी तक ग्राहकों की पहुँच और बढ़ेगी. यह लॉन्च ऐसे समय हो रहा है जब अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 के दौरान प्रीमियम वेयरेबल्स सेगमेंट में करीब 40% की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि स्मार्ट ग्लासेस की खोज में साल-दर-साल 4.6 गुना उछाल देखने को मिला. अमेजन इंडिया की डायरेक्टर- कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ज़ेबा खान ने कहा, हम देख रहे हैं कि ग्राहक अब ऐसे वेयरेबल्स में अधिक दिलचस्पी दिखा रहे हैं जो सिर्फ फिटनेस ट्रैकिंग से आगे बढ़कर रोजमर्रा की जिंदगी में एआई की सुविधाएं दे सकें. मेट्रो शहरों के साथ टियर-2 और टियर-3 शहरों के टेक प्रेमी और क्रिएटर्स भी स्मार्ट ग्लासेस को अपनाने के लिए उतने ही उत्सुक हैं. ये डिवाइस हैंड्स-फ्री, एआई-संचालित सुविधाएं देते हैं, जो रोजमर्रा के कामों में आसानी से घुल-मिल जाती हैं.

## ओप्पो ने भारत में फाइंड एक्स9 सीरीज पेश की

**इंदौर.** ओप्पो इंडिया ने भारत में अपनी फाइंड एक्स9 सीरीज़ पेश की. यह भारत में प्रीमियम सेगमेंट में एक बेहतरीन पेशकश है. फाइंड एक्स की विरासत को आगे बढ़ाते हुए इस नई सीरीज़ में फाइंड एक्स9 और फाइंड एक्स9 प्रो स्मार्टफोन शामिल हैं, जो फ्लैगशिप स्मार्टफोन के लिए नए मानक स्थापित कर रहे हैं. यह नई सीरीज़ शानदार ऑल-राउंड अनुभव प्रदान करती है. इसमें नए युग का हैसलब्लैड कैमरा सिस्टम, जबरदस्त बैटरी लाईफ, शक्तिशाली परफॉर्मेंस और सुगम एवं स्मार्ट कलर ओएस16 जैसी अनेक खूबियाँ हैं. ओप्पो में हेड ऑफप्रोडक्ट स्ट्रेट्जी, पीटर डोह्युंग ली ने कहा ओप्पो की फाइंड एक्स9 सीरीज़ फ्लैगशिप स्मार्टफोन्स से यूज़र्स की अपेक्षाओं को बदल देगी. फाइंड एक्स9 सीरीज़ पूरी तरह से फ्लैगशिप अनुभव के साथ कैमरा क्वालिटी, डिज़ाईन एस्थेटिक्स, शानदार परफॉरमेंस और स्मूथ यूज़र अनुभव के मामले में नए मानक स्थापित कर रही है.

## जीई एयरोस्पेस 14 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी

**इंदौर.** जीईएयरोस्पेस ने घोषणा की कि वह अपनी पुणे स्थित मैन्युफैक्चरिंग सुविधा की क्षमता बढ़ाने के लिए 14 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नया निवेश करेगी. यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब यह सुविधा अपने संचालन के 10 सफल वर्षों का जश्न मना रही है. यह निवेश पिछले वर्ष घोषित 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के अतिरिक्त है. नए निवेश का उद्देश्य उन्नत मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रियाओं, ऑटोमेशन और अत्याधुनिक इंजन कंपोनेंट्स के उत्पादन को और सुदृढ़ करना है. जीईएयरोस्पेस के पुणे संयंत्र के प्रबंध निदेशक, विश्वजीत सिंह ने कहा पुणे स्थित हमारी टीम ने बीते वर्षों में मजबूत क्षमताएँ विकसित की हैं और देशभर के सप्लायर नेटवर्क के सहयोग से हमारे कई उन्नत कमर्शियल जेट इंजनों के लिए महत्वपूर्ण कंपोनेंट्स तैयार किए हैं—सुरक्षा और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता रखते हुए.

# बाणगंगा रेलवे ओवर ब्रिज का मोड़ 80 फीट होगा चौड़ा

**▶ चौड़ाई में बाधक निर्माण हटाए**





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में पीडब्ल्यूडी द्वारा खातीपुरा से बाणगंगा उज्जैन रोड को जोड़ने वाला ब्रिज बनाया जा रहा है. उक्त ओवर ब्रिज की डिजाइन में 90 डिग्री एंगल पर मोड़ बन रहा था. अब पीडब्ल्यूडी ने गलती सुधारते हुए 90 डिग्री के मोड को चौड़ा करने के साथ गोलाई बढ़ाने का निर्णय किया है. इसके लिए उज्जैन रोड के बाधक हटाएं गए है, लेकिन भोपाल से ब्रिज की डिजाइन में संशोधन नहीं होकर आया है.

शहर में पीडब्ल्यूडी विभाग दो रेलवे ओवर ब्रिज बना रहा है. भोपाल पीडब्ल्यूडी अधीक्षण यंत्री के यहां से ब्रिज की नई डिजाइन और ले आउट अभी तक बन कर नहीं आए है। दोनों ब्रिज के मोड 90 डिग्री मोड के बनाने की तैयारी थी. उक्त पुलों की खबर प्रकाशित होने के बाद काम रोक दिया गया था. पीडब्ल्यूडी शहर में बाणगंगा और एमआर 4 सड़क लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के पहले ओवर ब्रिज का निर्माण कर रहा है. दोनों ब्रिज 90 डिग्री एंगल के बनाए जा रहे थे, लेकिन नव भारत द्वारा मामला सामने लाने के बाद से ब्रिज का काम बंद था. इसके बाद ब्रिज की डिजाइन नए सिरे से बनाने का निर्णय लिया गया. इस बात को तीन महीने से ज्यादा समय हो चुका हैं, लेकिन अभियंता कार्यालय भोपाल से ब्रिज की डिजाइन बनकर नहीं आई है. ध्यान रहे कि खातीपुरा से बन कर उज्जैन रोड पर मिलने ब्रिज की भुजा के पीलर 90 डिग्री का टर्न बन रहा है. उक्त स्थिति को लेकर स्थानीय पीडब्ल्यूडी ब्रिज सेल ने रास्ता निकाल लिया है. अब उज्जैन रोड पर मुड़ने के लिए ब्रिज को चौड़ाई 70 से 80 फीट की जाएगी। सात ही टर्न पर एक्स्ट्रा पियर के द्वारा लोड डायवर्ट होगा.

### 90 डिग्री का मोड़ होगा खत्म

ब्रिज की चौड़ाई और गोलाई बढ़ाने से 90 डिग्री का मोड़ खत्म हो जाएगा. साथ ही इंदौर से उज्जैन और उज्जैन से बाणगंगा तरफ जाने वाला यातायात ब्रिज के नीचे निकलेगा. बाणगंगा रेलवे ओवर ब्रिज की चौड़ाई के लिए उज्जैन रोड पर गोलाई एवं चौड़ाई में बाधक भी हटा दिए गए है. नवभारत ने 4 जुलाई को 90 डिग्री ब्रिज निर्माण की खबर छापी थी. उसमें बताया गया था कि कहां तक ब्रिज के पीलर खड़े हो गए. ब्रिज का निर्माण रियाल कंस्ट्रक्शन कर रही है. फिलहाल बाणगंगा ब्रिज का काम शुरू हो गया है.

### कॉर्नर की चौड़ाई बढ़ाई जा रही

इस बारे में प्रभारी कार्यपालन यंत्री गुरमीत कौर भाटिया ने बताया कि उज्जैन तरह जाने वाले और आने वाले कॉर्नर की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है, ताकि दुर्घटना प्वाइंट नहीं बने. उज्जैन से इंदौर और इंदौर से उज्जैन जाने वाला ट्रैफिक पुल के नीचे से निकलेगा. चौड़ाई में बाधक कुछ मकान दुकान हटाए गए है.




## कार्मिकों को एक माह का सघन प्रशिक्षण प्रारंभ

**इंदौर.** पोलोग्राउंड बिजली मुख्यालय स्थित नवीन सभागार में अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले सहायक श्रेणी वर्ग 3, मानव संसाधन प्रमुख एवं सहायक विधि अधिकारियों का एक माह का क्लास रूम प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को प्रारंभ हुआ.

इस अवसर पर मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता इंदौर कामेश श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव तरूण उपाध्याय, अधीक्षण यंत्री श्री बीडी फ्रैंकलिन, कार्यपालन यंत्री प्रेम पालीवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे. वक्ताओं ने प्रशिक्षण में सीखी गई बातों का कार्य व्यव्हार में उतारने का आह्वान किया. मुख्य रूप से एक माह के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षणरत 37 कार्मिकों को स्थापना शाखा के कार्य, क्रय शाखा, विधानसभा संबंधी पत्राचार, सतर्कता, सीएम हेल्प लाइन शिकायत निवारण एवं जवाबी प्रक्रिया संचालन आदि की जानकारी दी जाएगी. संचालन श्रीमती रूपाली गोखले भालेराव ने किया.

## बैंड-बाजों के साथ निकाला 133 तपस्वियों का वरघोड़ा



**इंदौर.** जैनाचार्य, युवा हृदय सम्राट विश्वरत्न सागर एवं आचार्य मृदुरत्न सागर की पावन निश्रा में गुरुवार को सुबह पीपली बाजार जैन श्वेताम्बर उपाश्रय से उपधान तप के उन 133 तपस्वियों का वरघोडा बैंड-बाजों एवं परंपरागत वाद्य यंत्रों की मंगल ध्वनि के बीच निकाला गया, जो पिछले 47 दिनों से दलालबाग पर साधु-साध्वी-भगवंतों की तरह तपस्या कर रहे थे.

अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, समग्र जैन श्वेतांबर श्री संघ, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन समिति के संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, मनीष सुराना, दिलसुखराज कटारिया, प्रीतेश ओस्तवाल, अंकित मारु, दिलीप मंडोवरा एवं दीपक सुराना ने बताया कि बुधवार से इनकी तपस्या के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय मालारोपण महोत्सव प्रारम्भ हुआ, जिसमें आज इन सभी तपस्वियों को सुसज्जित बग्घियों में विराजित कर दलाल बाग स्थित नवरत्न नगरी तक जुलूस के रूप में लाया गया. खजूरी बाजार, गौराकुंड, टोरी कार्नर, बड़ा गणपति, पीलियाखाल, महावीर बाग होते हुए जुलूस दलाल बाग पहुंचा. नवरत्न नगरी दलाल बाग पहुँचने पर धर्मसभा हुई जिसमें आचार्य विश्वरत्न सागर, गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर, उदयरत्न सागर एवं उत्तम रत्न सागर ने उपधान तप की महत्ता बताई. शाम को सभी तपस्वी एवं लाभार्थी बंधुओं का बहुमान किया गया. मुख्य आयोजन शुक्रवार को सुबह 8 बजे से दलाल बाग के सभा मंडप में होगा, जिसमें मोक्षमाला परिधान एवं आनंद उत्सव के साथ तपस्वियों का स्वर्ण गिन्नी से बहुमान किया जाएगा. दोपहर 12 बजे से आचार्य विश्वरत्न सागर अपने इस चातुर्मासिक अनुष्ठान की अंतिम महामांगलिक का अनमोल उपहार दे कर शाम 4 बजे नवरत्न नगरी से आगामी कार्यक्रमों के लिए भावपूर्ण बिदाई लेंगे.

### आज स्वर्ण गिन्नी से बहुमान और महामांगलिक

आचार्यश्री विश्वरत्न सागर के पावन सानिध्य में गत 6 जुलाई से प्रारंभ हुए चातुर्मास अनुष्ठान का विराम 21 नवम्बर को होगा. सुबह दलाल बाग पर 7.30 बजे से नवकारसी के बाद 8 बजे से मोक्षमाला परिधान, आनंद उत्सव में तपस्वियों का स्वर्ण गिन्नी से शाही बहुमान होगा. उपधान तप के मुख्य लाभार्थी दिलसुखराज कटारिया, सह लाभार्थी विनोद कुमार रतनलाल जैन परिवार तथा बहुमान के लाभार्थी सतीश-अमन व्होरा परिवार होंगे.

## महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज को वेट लिफ्टिंग टीम चैंपियनशिप का खिताब



**इंदौर.** महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज द्वारा आयोजित म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की सीधी संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन वेंट लिफ्टिंग (पुरुष/महिला) एवं बॉडी बिल्डिंग (पुरुष) प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण खजराना थाने के टीआई मनोज सेंधव, गुड्डु कुमायूं मंडल अध्यक्ष, विपिन पाटीदार मंडल महामंत्री, नरेंद्र पाटीदार कोषाध्यक्ष मप्र वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं अर्पित पाटीदार, राष्ट्रीय वेट लिफ्टर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. अतिथियों का स्वागत कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मंडलोई, क्रीड़ा समन्वयक डॉ. मितेश चौधरी, डॉ. प्रदीप पूरे, प्रो. प्रवीण कुमार शर्मा, के द्वारा किया गया. रणजीत सिंह कॉलेज के वेट लिफ्टिंर विशाल पाल, परीक्षित सोनी, कृष्ण मूर्ति ने क्रमशः स्वर्ण एवं रजत पदक जीत कर कॉलेज को टीम चैंपिनयशिप का खिताब दिलवाया. स्पर्धा में सबसे ज्यादा वजन उठाकर बेस्ट लिफ्टर का पुरस्कार भी कॉलेज के विशाल पाल ने अपने नाम किया.

महिला वर्ग में कॉलेज की छात्रा कु. पूर्वी लश्करी ने अपने वजन समूह में स्वर्ण पदक प्राप्त किया. बॉडी बिल्डिंग में कॉलेज के छात्र राघव खांडेकर ने अपने वजन समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया. बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में गुजराती कॉलेज ने 43वीं बार टीम चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया. व्यक्तिगत विजेताओं में महिला वर्ग में ओल्ड जीडीसी कॉलेज की छात्रा चैतन्या परमार ने बेस्ट लिफ्टर का पुरस्कार अपने नाम किया. बॉडी बिल्डिंग में विश्वविद्यालय 'श्री' का खिताब एस.डी. बंसल कॉलेज के छात्र प्रसंग वर्मा ने अपने नाम किया. चयन समिति सदस्य के रूप में वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी सी.बी. होलकर, डॉ. मुकेश सोलंकी, डॉ. सुरेंद्र सिंह सिद्धू मौजूद थे. संचालन संजय कराडे द्वारा किया गया. आभार कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मंडलोई ने माना.

## राशियों का कलात्मक चित्रण किया, गुण भी बताए

**▶ ब्रह्माण्ड पर केंद्रित प्रदर्शनी आयोजित**



**इंदौर.** दाऊदी बोहरा समाज सैफी नगर में बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं व प्रतिभा प्रदर्शन, खेलकुद के साथ एमएसबी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, इंदौर के माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों ने हिज होलिनेस सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन द्वारा ग्रह और नक्षत्र विषय पर दिए गए उपदेशों के अनुरूप 'ब्रह्मांडीय ब्रह्मांड' विषय पर विज्ञान व कला प्रदर्शनी आयोजित की. एबीएन स्कूल ने कुरान शरीफ और मॉडर्न साइंस से संबंधित आयात की प्रदर्शनी कर बच्चों का ज्ञानवर्धन किया.

सैयदना साहब के प्रतिनिधि जनाब शब्बीर भाईसाहब हुसामुद्दीन की अध्यक्षता में सभी कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, इस अवसर पर शेख मोहम्मद भाई कुंवर जी, सादिक खान भी उपस्थित थे। यह जानकारी देते हुए समाज के इंदौर मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि प्रदर्शनी में राशियों का कलात्मक चित्रण किया और उनके गुणों को उजागर किया गया. उमूर सेहत के शेख मोहम्मद कुंवरजी, डॉ मुफज्जल रस्सी वाला ने बताया कि इस अवसर पर बच्चों ने शिक्षा विषय पर विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा कौशल का शानदार प्रदर्शन किया. इस अवसर पर प्रो असगर आदिल, शेख जौहर शिफा, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे.

### विजेताओं को पुरस्कृत किया

उमूर तालीमिया के शब्बीर भाई अब्दाभाई वाला, मुर्तुजा बॉम्बेवाला ने बताया कि ड्राइंग जूनियर वर्ग में फलों की टोकरी थीम में प्रथम हुसैना अब्दुल कादिर रंगवाला, द्वितीय बतुल रस्सीवाला व तीसरा बुरहानुद्दीन महोउ वाला विजेता रहे. पारिवारिक पिकनिक थीम में प्रथम ताहा साबुन वाला, द्वितीय बुरहानुद्दीन आलोट वाला व तीसरा अजब सैलाना वाला विजेता रहे. खेलकूद में प्रथम सैफुद्दीन सैफी, द्वितीय बुरहानुद्दीन अली व तीसरा रुकैया परदा वाला विजेता रहे. विजेताओं को पुरुस्कृत भी किया गया.




## नि:शुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन

**इंदौर.** श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के वैष्णवविधि संस्थान द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता शिविर ग्राम सिंहासा, धार रोड, जिला में आयोजित किया गया. अंतर्राष्ट्रीय अभिसमयों, राष्ट्रीय विनियमों के उद्देश्यों के पूर्ति एवं बार कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा जारी निर्धनों के लिए मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करने सम्बन्धी निर्देशों के अनुसरण में यह शिविर आयोजित किया गया. शिविर में गाँव के लोगों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, अधिकारों तथा उपलब्ध विधिक सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उनकी कई विधिक समस्याओं का निराकरण किया गया. संस्थान के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए घर-घर जाकर ग्रामीणों की समस्याओं को समझा और उपयुक्त सलाह प्रदान की. इसके साथ ही स्वच्छता, महिलाओं के अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, तथा मौलिक कर्तव्यों आदि विषयों पर भी जागरूकता फैलाई गई और ग्रामीणों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया. जिला विधिक सहायता प्राधिकरण, इंदौर से पधारीं सुश्री शिखा तिवारी का विशिष्ट योगदानरहा. इसशिविर के सफल आयोजन में ग्राम सरपंच नारायण सिंह चौहान का सहयोग सराहनीय रहा. श्री वैष्णव विधि संस्थान के प्रमुख डॉ आशुतोष बैरागी के मार्गदर्शनमें यह शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया. कार्यक्रम समन्वयक रूपा विजयवर्गीय ने आभार माना. अन्य शिक्षकगण श्रद्धा चौहान, शिवानी पाल तथा रत्नेश दुबे शिविर में उपस्थित थे.

**एक नजर में ▶ हर साल मार्च और अप्रैल माह में बंद किया जाता है इस ट्रेन का संचालन**

## आज से नहीं चलेगी पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन

**▶ इस वर्ष खंडवा तक ब्रॉडगेज लाइन कार्य के चलते किया जा रहा हेरिटेज ट्रेन को बंद**



**इंदौर/महू. पर्यटकों को मनमोहक प्राकृतिक वादियां और प्राकृतिक झरनों का आनंद उपलब्ध कराने वाली प्रदेश की एकमात्र हेरिटेज ट्रेन का संचालन 21 नवंबर शुक्रवार से बंद कर दिया जाएगा. गुरुवार को पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संचालन बंद करने के लिए पत्र जारी कर दिया गया है. रेलवे द्वारा पातालापानी से कालाकुंड तक के रेल सेक्शन को हेरिटेज घोषित कर रखा है, परंतु अब रेलवे द्वारा पातालपानी से बढिया, चोरल होते हुए खंडवा ब्राडगेज लाइन कार्य के चलते इस ट्रेन का संचालन बंद किया जा रहा है.**

प्रदेश की एकमात्र हेरिटेज का संचालन रेलवे द्वारा मानसून शुरू होते ही कर दिया जाता है. हर साल यह ट्रेन अगस्त माह से शुरू होकर मार्च अथवा अप्रैल तक चलाई जाती है, परंतु इस वर्ष रेलवे ने नवंबर माह में ही ट्रेन का संचालन बंद करने का निर्णय ले लिया है. यह निर्णय रेलवे द्वारा विकास कार्य करने के लिए लिया गया है. रेलवे द्वारा महू से पातालपानी तक ब्राडगेज लाइन डाल दी गई है, जिस पर सीआरएस निरीक्षण भी हो चुका है. अब इसे पातालपानी से आगे बढ़ाते हुए बढिया, चोरल से होते हुए खंडवा लाइन के लिए ट्रैक बिछाने का कार्य किया जाएगा. इसके साथ ही पातालपानी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ब्रिज भी बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते आगामी आदेश तक हेरिटेज ट्रेन का संचालन बंद रहेगा.

### स्टॉफ की ड्यूटी महू से चलने वाली ट्रेनों में लगाई

हेरिटेज ट्रेन संचालन बंद करने से अब महू स्टेशन से चलने वाली अन्य ट्रेनों को और स्टॉफ मिल जाएगा. हेरिटेज ट्रेन में चलने वाले गार्ड, लोको पायलट, टीसी व अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी महू से चलने वाली अन्य गाडियों में लगाई जाएगी. अब तक यह कर्मचारी तीन दिन हेरिटेज ट्रेन में ड्यूटी करते थे.

### रहती है यात्रियों की भीड़

गौरतलब है कि मानसून से लेकर मार्च के महीने तक हेरिटेज ट्रेन को यात्रियों को अच्छा प्रतिसाद मिलता है. क्रिसमस की छुट्टियों से लेकर नव वर्ष तक कई लोग हेरिटेज ट्रेन का सफर करते हुए वादियों को निहारने के लिए आते हैं, जिससे ट्रेन भी फुल चलती है. परंतु, इस वर्ष सैलानियों को कल से यह सुंदर दृश्य नहीं दिख पाएगा.